झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

6 Sep 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 6 सितंबर का इतिहास

- **1965 :** भारतीय सेना ने तीन जगहों से सीमा पार कर पश्चिमी पाकिस्तान पर हमला किया था।
- **1965 :** ताशकन्द समझौता (भारत और पाकिस्तान युद्ध) हुआ।
- **1889 :** स्वतंत्रता सेनानी शरत चंद्र बोस का जन्म हुआ।
- **1988 :** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **1522 :** समंदर के रास्ते पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाला पहला जहाज विक्टोरिया स्पेन लौटा था।
- **1885 :** यूरोपीय देश बुल्गारिया का एकीकरण पूरा हुआ।

## 6 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- संघ स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाई और मेडटेक सेक्टर में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण योजना की घोषणा की है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन्होंने फार्मा मेडटेक सेक्टर में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने की प्रमोशन ऑफ रिसर्च एंड इनोवेशन इन फार्मा-मेडटेक सेक्टर योजना की शुरूआत की है, जिसे संघ कैबिनेट ने मंजूरी दी हैं। यह योजना सरकार द्वारा इस महीने से शुरूआत की गई है और सरकार का विश्वास है कि भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग के पास 2030 तक वैश्विक बाजार के वर्तमान 3.4 प्रतिशत हिस्से को 5 प्रतिशत तक बढ़ाने की संभावना है।
- अंतर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस सम्मेलन का उद्धघाटन ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने किया। इसका आयोजन नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जी-20 देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना हैं। यह आयोजन भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा।
- सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया हैं। शिक्षा मंत्री ने यह घोषणा की कि बाल भवन का जल्द ही एनसीईआरटी में विलय कर दिया जाएगा। बाल भवन एक स्वायत संस्थान है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 में इसकी स्थापना की। एआर और वीआर सुविधा से देश के हर कोने के अलग-अलग बोली वाले बच्चों को लाभ मिलेगा।
- रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मजबूत आर्थिक गति के चलते 2023 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में कहा, मजबूत सेवाओं के विस्तार तथा पूंजीगत व्यय ने भारत की दूसरी तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को प्रेरित किया। इसलिए हमने भारत के लिए अपने 2023 कैलेंडर वर्ष के वृद्धि का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।
- सिंगापुर के राष्ट्रपति चुनाव में थरमन षणमुगरत्नम ने जीत हासिल की।
- सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए समिति का गठन किया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय प्रहलाद जोशी ने कहा कि समिति की रिपोर्ट पर संसद में चर्चा की जाएगी। राम नाम कोविंद ने अपने कार्यकाल के दौरान कहा था कि एक राष्ट्र, एक साथ चुनाव समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि इससे देश में विकास को गति मिलेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव का उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराना है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी 57 के जरिए मिशन आदित्य एल1 लॉन्च किया। इसे सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैंग्रेज पॉइंट एल1 के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। एल 1 तक 1.5 मिलियन किमी की दूरी तय करने के लिए आदित्य एल1 लगभग 100 दिनों की यात्रा करेगा। आदित्य एल1 मिशन पांच साल तक सक्रिय रहेगा।
- तेलंगाना की मुख्य नवाचार अधिकारी शांता थोटम को मास्को में आयोजित पहले ब्रिक्स इनोवेशन फोरम में वर्ल्ड इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सतत विकास लक्ष्य 4 में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता हैं। जो समावेशी और न्यायसंगत गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करता है और सभी के लिए आजीवन अवसरों को बढ़ावा देता है। मंच पर 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि थे।
- बांस की धूल से विपणन योग्य हरित कार्बन के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए एमओए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना के हिस्से के रूप में बांस की धूल को पाइरोलाइजिंग करके हरित सक्रिय कार्बन का उत्पादन करने के लिए 5 मीट्रिक टन/बैच क्षमता का एक संयंत्र स्थापित किया जाएगा। समझौते पर एनआरएल के वरिष्ठ मुख्य महाप्रबंधक निकुंजा बोरठाकुर और आईआईटी जी के डीन प्रोफेसर जी कृष्णमूर्ति ने हस्ताक्षर किए। इसे उद्योग अकादमिक सहयोग के रूप में चलाया जाएगा।
- चालू वित वर्ष 2023-2024 के पहले चार माह में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य के 33.9 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

Contact : 8084818282, 9113365645

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में पहली जायद चैरिट मैराथन की मेजबानी 2024 में कहां आयोजित की जाएगी ?**

(A) ओडिशा (B) केरल

(C) उत्तर प्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(B)** जायद चैरिटी मैराथन की उच्च आयोजन समिति ने घोषणा की है कि भारत में मैराथन का उद्धघाटन संस्करण 2024 में केरल में आयोजित की जाएगी। केरल राज्य के अधिकारियों और संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय समुदाय के सहयोग से मैराथन का आयोजन किया जाएगा। केरल में मैराथन से प्राप्त आय का उपयोग राज्य में स्वास्थ्य देखभाल पहल का समर्थन करने के लिए किया जाएगा।



**2. हाल ही में कौनसा देश दिसंबर 2023 में आईसीएसी की 81वीं पूर्ण बैठक की मेजबानी करेगा ?**

(A) भारत (B) फ्रांस

(C) जर्मनी (D) सिंगापुर

**(A)** भारत 2 से 5 दिसबर 2023 तक मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति की 81वीं पूर्ण बैठक की मेजबानी करेगा, जिसका विषय कपास मूल्य श्रृंखला वैश्विक समृद्धि के लिए स्थानीय नवाचार होगा। सीएसआईआर, एनबीआरआई कॉटन के सहयोग से कपास के डीएनए परीक्षण पर परियोजना शुरू की गई है।



**3. हाल ही में इंटरनेशनल एमी अवार्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी है?**

(A) श्रेया घोषाल (B) एकता कपूर

(C) नेहा कक्कड़ (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** टेलीविजन प्रोडक्शन पावरहाउस बालाजी टेलीफिल्म्स की सह-संस्थापक एकता आर कपूर को 2023 इंटरनेशनल एमी डायरेक्टोरेड अवार्ड मिलेगा। इसकी घोषणा इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज के प्रेसिडेंट और सीईओ ब्रूस एल पैसनर ने की। इंटरनेशनल एकेडमी का स्पेशल एमी 20 नवंबर 2023 को न्यूयॉर्क शहर में 51वें इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स गाला में एकता कपूर को प्रदान किया जाएगा।



**4. हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार बढ़ाने के लिए किन दो देशों ने टास्क फोर्स की शुरूआत की है ?**

(A) भारत और अमेरिका (B) चीन और जापान

(C) श्रीलंका और भारत (D) भूटान और इंग्लैंड

**(A)** इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार बढ़ाने के लिए भारत और अमेरिका टास्क फोर्स की शुरूआत की गई। इसका लक्ष्य एक दशक के भीतर दोनों देशों के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाना हैं। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने लॉन्च मीटिंग आयोजित की, जिसमें दूरसंचार विभाग, अमेरिकी दूतावास, प्रमुख अमेरिकी और भारतीय कंपनियों, निवेश बैंकिंग बिरादरी और वाशिंगटन डी.सी. स्थित सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



**5. हाल ही में यूपीआई ने भारत में कितने बिलियन मासिक लेनदेन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है ?**

(A) 4 बिलियन (B) 7 बिलियन

(C) 10 बिलियन (D) 11 बिलियन

**(C)** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस से ट्रांजेक्शन के मामले में अगस्त में जबरदस्त रिकॉर्ड बना हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने कहा कि यूपीआई के जरिए पहली बार अगस्त में लेनदेन का आंकड़ा 10 अरब के पार पहुंच गया हैं। यूपीआई भारत में सभी रिटेल पेमेंट सिस्टम के लिए एक प्रमुख संगठन नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विकसित एक रियल टाइम पेमेंट सिस्टम है।



**6. हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त माह में जीएटी संग्रह कितने लाख करोड़ से अधिक हो गया ?**

(A) 1.05 लाख करोड़ (B) 1.59 लाख करोड़

(C) 2.50 लाख करोड़ (D) 3.00 लाख करोड़

**(B)** सरकार ने अगस्त 2023 के जीएसटी के अधिकारी आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक अनुपालन में सुधार और टैक्स चोरी में कमी के कारण अगस्त में जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत से बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रूपये से अधिक हो गया। जिसमें केंद्रीय जीएसटी 28,328 करोड़ रूपये राज्य जीएसटी 35,794 करोड़ रूपये, एकीकृत जीएसटी 83,251 करोड़ रूपये, और 11,695 करोड़ रूपये उपकर है।




**7. हाल ही में आधार से जुड़ा जन्म पंजीकरण शुरू करने वाला पूर्वोत्तर का पहला राज्य कौनसा बना है ?**

(A) नागालैंड (B) त्रिपुरा

(C) मणिपुर (D) मेघालय

**(A)** नागालैंड ने आधार लिंक्ड जन्म पंजीकरण प्रणाली शुरू करके पूर्वोतर क्षेत्र में एक अग्रणी कदम उठाया हैं। यह अभूतपूर्व पहल 0 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए जन्म पंजीकरण और आधार नामांकन की प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हैं। लॉन्च की शुरूआत औपचारिक रूप से आयुक्त टी महाबेमो यांथन के नेतृत्व में की गई थी।




**8. हाल ही में केंद्र सरकार की वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी का अध्यक्ष किसे बनाया गया है ?**

(A) एम वेंकैया नायडू (B) मनमोहन सिंह

(C) रामनाथ कोविंद (D) अमित शाह

**(C)** केंद्र सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन की दिशा में अहम कदम आगे बढ़ा दिया हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी है जिसके सदस्यों को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। यह कदम सरकार द्वारा 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के एक दिन बाद आया है, जिसका एजेंड़ा गुप्त रखा गया है।




**9. हाल ही में कौनसा देश इस्लामिक बैंकिंग शुरू करेगा ?**

(A) चीन (B) भारत

(C) रूस (D) जापान

**(C)** रूस में इस्लामिक बैंकिंग को शुरू करने की तैयारी हैं। इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरूआत में चार मुस्लिम बहुल गणराज्यों में लॉन्च किया जाएगा। सफल होने पर इसे पूरे रूस में शुरू करने की योजना हैं। रूस में करीब 2.5 करोड़ मुसलमान है। जो पहले से ही ऐसी बैंकिंग प्रणाली के साथ जुड़े है।




**10. हाल ही में किस राज्य में 2.63 किमी लंबे फ्लाई ओवर का उद्धघाटन किया गया है?**

(A) असम (B) केरल

(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**(A)** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 2.63 किलोमीटर लंबे राज्य के सबसे लंबे फ्लाईओवर नीलाचल फ्लाईओवर का अनावरण किया, जो गुवाहाटी में मालीगांव चारियाली को कामाख्या गेट से जोड़ता है। 420.75 करोड़ की लागत से निर्मित, यह परियोजना श्री गौतम कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड और अनुपम निर्माण निर्माण प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 35 महीनों के भीतर पूरी की गई।

